पंजाब केसरी
MON,13 APRIL 2026
EDITION: KANGRA KESARI, PAGE NO. 4

# बोर्ड ने पूरा किया 60 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य

## 30 अप्रैल तक घोषित होगा परीक्षा परिणाम

धर्मशाला, 12 अप्रैल (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने वार्षिक परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अब तक लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है।

बोर्ड द्वारा प्रदेश भर में बनाए गए 41 केंद्रों पर शिक्षकों द्वारा कॉपियां जांचने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रथम चरण का काम 16 अप्रैल तक खत्म करने का लक्ष्य है, जिसके साथ ही दूसरे चरण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। बोर्ड प्रशासन की कोशिश है कि समय रहते सारा काम निपटा लिया जाए ताकि छात्रों को अपने अगले दाखिलों के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं के परिणामों को लेकर बोर्ड प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड द्वारा इस वर्ष 30 अप्रैल 2026 तक परीक्षा परिणाम घोषित करने का लक्ष्य रखा गया है। हजारों शिक्षकों की निगरानी में चल रहे इस कार्य में पूरी सावधानी बरती जा रही है, ताकि बच्चों का रिजल्ट समय पर और बिना किसी गलती के निकाला जा सके।

**मूल्यांकन** प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और अब तक लगभग 60 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकाओं का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। हमारा मुख्य लक्ष्य 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित करना है। मूल्यांकन कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ सुचिता और पारदर्शिता का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है, ताकि छात्रों को समय पर परिणाम मिल सकें।
-डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।



Dainik Jagran 13-04-2026

# 60 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का पहले चरण में मूल्यांकन पूरा

**संवाद सहयोगी, जागरण • धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने 10वीं और जमा दो की वार्षिक परीक्षाओं के पहले चरण की 60 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा कर लिया है। इस कार्य के लिए 16 अप्रैल तक का लक्ष्य निर्धारित किया है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में स्थापित 41 मूल्यांकन केंद्रों पर वार्षिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रगति पर है।

प्रथम चरण में लगभग 60 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य संपन्न हो चुका है और शेष कार्य को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

मूल्यांकन कार्य को 16 अप्रैल तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। इसी अवधि में द्वितीय चरण का कार्य भी प्रारंभ होगा। इसके लिए बोर्ड मुख्यालय से मूल्यांकन केंद्रों को उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बोर्ड ने परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित करने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।

डा. शर्मा ने कहा कि 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के विभिन्न विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से किया जा रहा है, जिसमें हजारों शिक्षक सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

Divya Himachal 13-04-2026

# पहले चरण में 60 फीसदी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

नगर संवाददाता — धर्मशाला

■ बोर्ड ने 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित करने का रखा लक्ष्य

प्रदेश भर में स्थापित 41 मूल्यांकन केंद्रों पर चल रही वार्षिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। प्रथम चरण में अब तक लगभग 60 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है। स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण के मूल्यांकन कार्य को 16 अप्रैल तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि इसी अवधि में द्वितीय चरण का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए बोर्ड मुख्यालय से मूल्यांकन केंद्रों को उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि दसवीं एवं 12वीं कक्षाओं के विभिन्न विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से किया जा रहा है, जिसमें हजारों शिक्षक सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। डा. राजेश शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे गोपनीयता (सीक्रेसी) एवं पारदर्शिता (ट्रांसपेरेंसी) बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं सटीक परिणाम उपलब्ध करवाए जा सकें।

# पहले चरण की 60 फीसदी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

अनंत ज्ञान

## परिणाम समयबद्ध जारी करने की दिशा में बोर्ड प्रतिबद्धः डॉ. राजेश

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में स्थापित 41 मूल्यांकन केंद्रों पर चल रही वार्षिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में अब तक लगभग 60 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण के मूल्यांकन कार्य को 16 अप्रैल 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि इसी अवधि में द्वितीय चरण का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए बोर्ड मुख्यालय से मूल्यांकन केंद्रों को उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशा में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के विभिन्न विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से किया जा रहा है, जिसमें हजारों शिक्षक सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं सटीक परिणाम उपलब्ध कराए जा सकें।

Himachal Dastak 13-04-2026


# पहले चरण की 60 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में स्थापित 41 मूल्यांकन केंद्रों पर चल रही वार्षिक परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में अब तक लगभग 60 प्रतिशत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष कार्य को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण के मूल्यांकन कार्य को 16 अप्रैल तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि इसी अवधि में द्वितीय चरण का कार्य भी प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए बोर्ड मुख्यालय से मूल्यांकन केंद्रों को उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल तक घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस दिशा में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के विभिन्न विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तेजी से किया जा रहा है, जिसमें हजारों शिक्षक सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें ताकि विद्यार्थियों को समयबद्ध एवं सटीक परिणाम उपलब्ध कराए जा सकें।


# एकलव्य स्कूल चयन परीक्षा: बोर्ड ने वेबसाइट पर अपलोड की उत्तर कुंजी, ऐसे दर्ज कराएं अपनी चुनौती

जागो ! कांगडा/ राकेश कुमार

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) ने 'एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल चयन परीक्षा-2026' के परिणामों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बोर्ड ने इस परीक्षा की प्रोविजनल उत्तर कुंजी (Answer Key) आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करते हुए अभ्यर्थियों से आपत्तियां आमंत्रित की हैं। यदि किसी परीक्षार्थी को उत्तरों को लेकर कोई संदेह है, तो वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने पक्ष बोर्ड के समक्ष रख सकते हैं। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि प्रदेश भर में 29 मार्च 2026 को आयोजित की गई इस चयन परीक्षा की चारों सीरीज (A, B, C और D) की उत्तर कुंजियां अब बोर्ड की वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया है, ताकि अभ्यर्थी अपने प्रदर्शन का सही आकलन कर सकें।कैसे और कब तक दर्ज करें आपत्तिःडॉ. शर्मा के अनुसार, जिन अभ्यर्थियों को किसी भी प्रश्न के उत्तर पर आपत्ति है, वे 10 अप्रैल 2026 से 16 अप्रैल 2026 तक अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। आपत्तियां दर्ज कराने के लिए दो विकल्प दिए गए हैं:ई-मेल के माध्यम से: अभ्यर्थी प्रमाणित तथ्यों के साथ अपनी आपत्तियां hpbosesopapersetting.43@gmail.com पर भेज सकते हैं।व्यक्तिगत रूप से: कार्य दिवसों के दौरान बोर्ड कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर भी लिखित आपत्ति जमा की जा सकती है।समय सीमा का रखें विशेष ध्यानबोर्ड अध्यक्ष ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि 16 अप्रैल 2026 की शाम 5:00 बजे के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से आपत्ति भेजने वाले अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके दस्तावेज समय रहते कार्यालय पहुँच जाएं। साथ ही, बिना किसी ठोस साक्ष्य या प्रमाणित तथ्यों के भेजी गई आपत्तियों को सीधे तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।अभ्यर्थी बोर्ड के हेल्पलाइन नंबर 01892-242134 पर संपर्क कर सकते हैं।



# School Education Board Completes Evaluation of 60% of Answer Sheets in First Phase




SANJAY AGGARWAL

DHARAMSHALA APR 12 : Dr. Rajesh Sharma, Chairman of the Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE), Dharamshala, announced that significant progress has been recorded in the evaluation of answer sheets for the ongoing annual examinations across the state's 41 designated evaluation centers. He stated that, in the first phase, the evaluation of approximately 60 percent of the answer sheets has been completed so far, and instructions have been issued to complete the remaining work within the stipulated timeframe. Dr. Sharma noted that the target for completing the first phase of evaluation has been set for April 16, 2026, while the work for the second phase is also scheduled to commence during this same period. To this end, the process of dispatching bundles of answer sheets from the Board headquarters to the evaluation centers has already begun. He further stated that the Board aims to declare the examination results by April 30, 2026, and all officers and staff members are working with complete dedication towards achieving this objective. He added that the evaluation of answer sheets for various subjects across the 10th and 12th grades is proceeding at a rapid pace, with thousands of teachers actively involved in the process. Dr. Rajesh Sharma has directed all concerned officials and teachers to discharge their duties while strictly maintaining confidentiality and transparency, thereby ensuring that students receive timely and accurate results.

APRIL 13, 2026 MONDAY DHARAMSHALA

The Sunny Times

# BOARD CHAIRMAN DR. RAJESH SHARMA SETS APRIL 16 DEADLINE FOR INITIAL GRADING



- HPBOSE ON TRACK FOR APRIL 30 RESULTS AS PAPER EVALUATION HITS 60 PERCENT MARK
- HIMACHAL SCHOOL BOARD MOVES FAST TO ENSURE TIMELY 10TH AND 12TH RESULTS
- THOUSANDS OF TEACHERS PUSH FOR EFFICIENCY IN HPBOSE ANNUAL EXAM EVALUATION
- STRICT SECRECY AND SPEED AT 41 CENTERS AS BOARD EYES MONTH-END RESULT DATE

*Sunny Mahajan | Dharamshala*

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) is moving at a rapid pace to ensure students receive their marks on time. Dr. Rajesh Sharma, the Chairman of the Board, recently shared that the evaluation of answer sheets is progressing smoothly across 41 specialized centers set up throughout the state. Currently, teachers have already finished checking about 60 percent of the papers from the first phase. Dr. Sharma has instructed everyone involved to finish the remaining work within the set timeline to avoid any delays.

The Board has set a firm goal to complete this initial phase of checking by April 16, 2026. At the same time, the second phase of evaluation will begin, and the Board headquarters has already started sending out the next batches of answer sheets to the centers. The ultimate aim is to declare the final results for both 10th and 12th grades by April 30, 2026. Dr. Sharma emphasized that the entire team is working with great dedication to meet this ambitious target.

With thousands of teachers actively participating in the process, the Chairman has reminded all staff to maintain the highest levels of secrecy and fairness. By following these strict guidelines, the Board intends to provide students with accurate and timely results, helping them plan their next academic steps without unnecessary stress.